**Need to provide adequate funds to improve facilities in government schools in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency.-laid**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र दादरा और नागर हवेली के सरकारी स्कूलों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है । यह अत्यंत चिंता का विषय है कि बच्चों को उचित शिक्षण सामग्री उपलब्ध नहीं है और ना ही स्कॉलरशिप दी जा रही है । अधिकांश स्कूलों में शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है, और जहाँ हैं भी, वहाँ उनकी साफ-सफाई अत्यंत खराब है । क्लास रूम में बैठने के लिए पर्याप्त बेंच और डेस्क नहीं हैं, जिससे बच्चों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती है । शिक्षकों की भारी कमी है, जिसके कारण मौजूदा शिक्षकों पर काम का अत्यधिक बोझ है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है । कक्षाओं में सफाई का स्तर अत्यंत निम्न है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । कई क्लास रूम में ब्लैकबोर्ड तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे शिक्षकों को पढ़ाने में और बच्चों को समझने में भारी परेशानी होती है । मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि वह तत्काल इस मामले का संज्ञान लें और मेरे संसदीय क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में सुधार के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं और तत्काल स्कूलों में पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएं जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी ।